हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

सोमवार, 23 मार्च, 2026/02, चैत्र, 1947 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 3

ट्रांसफर पॉलिसी

***3137 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की ट्रांसफर नीति क्या है, इसमें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ट्रांसफर करने के क्या-क्या मापदंड, मानक और नियम हैं तथा आपसी सहमति से कर्मचारियों का स्थानांतरण होता है या नहीं; यदि हां, तो इस हेतु क्या प्रावधान हैं; और

(ख) गत 6 माह में आपसी सहमति से कितने कर्मचारियों का स्थानांतरण हुआ है व उनका आधार क्या था; ब्यौरा दें?

विदेश प्रवास

*3461 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**
श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 31 जुलाई, 2025 तक कितने मंत्री, विधायक तथा अधिकारी सरकारी कार्यक्रमों के तहत विदेश प्रवास पर गए तथा वे किन-किन कार्यक्रमों के अंतर्गत गए व इनका उद्देश्य क्या था; इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा नाम व पदनाम सहित दें?

बायोमैट्रिक हाजिरी

*3721 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा निदेशालय स्तर पर बायोमैट्रिक हाजिरी का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो क्या विभिन्न विभागों के निदेशालय स्तर के कुछ अधिकारी बिना अनुमति (अवकाश) कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं एवं बायोमैट्रिक हाजिरी भी नहीं लगाते हैं; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 31.10.2025 तक किस-किस विभाग के निदेशालय स्तर के ऐसे कौन-कौन से अधिकारी हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित विभागवार दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.10.2025 तक किस-किस विभाग के निदेशालय स्तर के किन-किन अधिकारियों के विरुद्ध बिना अनुमति अनुपस्थित रहने एवं सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग की शिकायतें प्राप्त हुई हैं; ब्यौरा विभागवार दें; और

(ग) सरकार द्वारा उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दोषी अधिकारियों के नाम व पते सहित विभागवार दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
17 मार्च, 2026 . **सचिव**